झारखण्ड सरकार | IFAD Investing in rural people | JTDS | PRADAN DEVELOPMENT SERVICES

# <u>गरमा पी.ओ.पी.</u>

## फसल का नाम: लत्तर फसल (*Creepers)*

**10** डिसमिल जमीन के लिए

लत्तर फसल :- लत्तर फसल में मुख्यतः कई फसल आते हैं जैसे- लौकी, खीर, करेला, झींगा, नेनुवा इत्यादि
उद्देश्य:

- लत्तर फसल भारत में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण सब्जी की फसल है |
- अपने पोषक गुणों ओर विविध उपयोगो के कारण लत्तर की फसल सबसे महत्वपूर्ण सब्जी है |
- लत्तर फसल की खेती सालों भर आर्थिक आय में मदद करती है |






### खेती करने का मुख्य समय:

- लत्तर फसल की खेती सामान्यतः पुरे वर्ष की जाती है I गरमा मौसम में लत्तर की फसल लगाने का मुख्या समय जनवरी के दुसरे सप्ताह से फरवरी के दुसरे सप्ताह  तक नर्सरी एवं रोपाई के लिए उत्तम समय माना जाता है |


### जमीन का प्रकार:

- लत्तर फसल प्राय सभी प्रकार की मिट्टियों में उगाया जाता है | |
- लत्तर फसल के लिए हलकी आम्लिक एवं क्षारीय दोमट मिट्टी विशेष उपयुक्त है | मिट्टी का pH का मान 6.0 से 7.0 तक सबसे उपयुक्त माना जाता है |
- अम्लीय मिट्टी में, चूना का प्रयोग करना फायदेमंद है |
- लत्तर का फसल मुख्यतः दोइन 3 एवं सिंचाई युक्त टांड 3 में की जा सकती है |
- इस फसल के लिए मिट्टी उपजाऊ होना आवश्यक है |
- इस फसल की खेती के लिए सिचांई की आवश्यकता है लेकिन खेत में अतिरिक्त पानी निकासी की सुबिधा भी होनी चाहिए |

### फसल का उत्पादन बढाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण कदम:

1. **बीज और प्रजाति की चुनाव**

   लत्तर फसल के खेती के लिए मुख्यतः निन्मलिखित किस्म/प्रभेद का इस्तेमाल किया जाता है |
   लत्तर फसल के मुख्य – किस्म
   - लौकी :- वरद (महिको), प्रतिमा (सनग्रो), सरदा (सेम्निस), CBH-10 एवं CBH-8 (सेन्चुरी)
   - खीरा:-  निंजा, मालिनी(सेम्निस), करीना (नूजीविडू), सेडोना(महिको), ग्रीन लॉन्ग (महिको), वरदान (राजेंद्र)
   - झींगी:- प्रवीण 5000, सुरेखा (महिको),  पल्लवी (सनग्रो), गौरव (सनग्रो), NS 471(नामधारी), रिनू (सारदा)
   - करैला:- चमन (नुन्हेम्स), विवेक (सनग्रो)
   - नेनुवा:- नूतन (सनग्रो), हरिता (महिको)
   - लत्तर फसल की खेती के लिए स्वस्थ बीज का प्रयोग करना चाहिए:-



2. **बीज उपचार**

उद्देश्य

- बीज उपचार करने से बीज जनित रोग से बचाव होता है |
- मिट्टी के फफूंद से नया पौधा को बचाव होता है |
- तरीका या विधि
- बीज उपचार के लिए जैविक में बिजाम्रित से या रासायनिक में बेविस्टीन 2 ग्राम/kg या थिरम 3 ग्राम/Kg का प्रयोग अच्छा होता है |

3. **बीज का दर:- 10** डिसमिल जमीन में बीज की मात्रा

- प्रति गढ़ा में 2 से 3 पौधा के आधार पर
- लौकी :- 272 गढ़ा, बीज 100 से 120 ग्राम
- खीरा :- 272 गढ़ा, बीज 25 से 30 ग्राम
- करेला :- 272 गढ़ा, बीज 100 से 120 ग्राम
- झींगी :- 272 गढ़ा, बीज 70 से 90 ग्राम
- नेनुवा :- 272 गढ़ा, बीज 40 से 50 ग्राम

4. नर्सरी बनाने की विधि**:-**

पोलीटियूब में नर्सरी का फायदा :-

- पटवन करने में किसान के समय का बचत |
- कम बिज में ज्यादा पौधा एवं स्वस्थ पौधा |
- देख-रेख़ में सुविधा (समय पर पटवन, निकावान, समयपर दवा का प्रयोग, पाला से बचाव) |
- समय से पहले ज्यादा उपज-ज्यादा फायदा |
- खेत खाली नहीं रहना

पोलीटूयूब में बिचड़ा तैयार करने के लिए सामग्री एवं विधि:-

सामग्री:- पोलीटूयूब, बीज, केचुवा/गोबर खाद, ट्रैकोडारमा इत्यादि

बिचड़ा तैयार करने की विधि:-

- लत्तर फसल के लिए पोलीटूयूब में बिचड़ा तैयार करने के लिए केचुवा खाद एवं मिट्टी को बराबर मात्र में मिलाना है |
- 10 डिसमिल जमीन में बिचड़ा तैयार करने के लिए खाद एवं मिट्टी के मिश्रण में 200 ग्राम ट्रैकोडारमा विरिडी के चूर्ण को मिलान है |
- तैयार मिश्रण को पोलीटूयूब में भरने के बाद एक-एक बीज डालना है |
- दुसरे या तीसरे दिन (48- 72 घंटे बाद) अंकुरण आने के बाद रिडोमिल –गोल्ड 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिला कर फ़ुहारा से छिडकाव करना है |
- दो से चार पत्ता आने के बाद NPK 1919 को 80 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में मिला कर सिंचाई करने से पौधे की बढ़वार अच्छी होती है |
- हर 7 दिन के अन्तराल पर एडमायर (कीटनाशक) 2 ग्राम 15 लीटर पानी में या नीमास्त्र एवं साफ़ (फुफुन्दनाशक) 2 ग्राम प्रति लीटर पानी या बिजम्रित का छिडकाव करना चाहिए |
- 20 - 21 दिन में नर्सरी में पौधा मुख्य खेत में लगाने के लिए तैयार हो जाता है |





नर्सरी में तैयार पौधे:-




5. खेत की तैयारी

- 4-5 बार जोताई कर मिट्टी को भुरभुरा कर जमीन समतल कर लेना है |
- जमीन में ढलान के हिसाब से सिंचाई नाला होना चाहिए |
- गोबर खाद 200 केजी का प्रयोग प्रति 10 डेसिमल में करना चाहिए |
- अंतिम जोताई में DAP एवं पोटास की पूरी मात्रा को प्रारंभिक डोज़ के रूप में मिला कर जमीन को तैयार कर लेना चाहिए |

6. मुख्य खेत में लगाने की विधि :-

- लत्तर फसल के पौधों को नर्सरी से 20 से 25 दिन बाद मुख्य खेत में लगाना चाहिए |
- इसे लगाने के लिए कतार से कतार 4 फिट पौधे से पौधे की दुरी 4 फिट रखना चाहिए |
- रोपाई के समय पौधा के जड़ को बिजम्रित/बेविस्टीन के घोल में डूबकर रोपाई करना है, इससे फुफुन्द जनित बीमारी से बचाव होता है |
- रोपाई करने के लिए 1 X 1 X 1 फिट का गढ़ा बनाना चाहिए एवं प्रति गढ़े में 200 ग्राम गोबर खाद को मिट्टी में मिला कर पौधों की रोपाई करनी चाहिए |
- रोपाई के बाद मिट्टी को हल्का से दबाना है ताकि पौधा खड़ा हो सके |
- रोपाई के बाद नमी के लिए एक मग पानी प्रति गड्ढा में देना है (जरुरत देखकर ही पानी देना है)
- तना के पास कि मिट्टी को थोड़ा उचा रखना चाहिए ताकि तना के पास पानी न जमे |






**7.** खाद/उर्वरक का प्रयोग:

- 10 डिसमिल जमीन में लत्तर फसल फसल के लिए 2-3 क्विंटल सड़ी हुई कम्पोस्ट खाद खेत में अंतिम जुताई के समय मिला देना चाहिए।
- सिंचाई युक्त जमीन के लिए नाइट्रोजन 70 किलोग्राम, फास्फोरस- 40 किलोग्राम एवं 25 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टर के दर से देना चाहिए |

10 डिसमिल जमीन के लिए रासायनिक खाद की मात्रा:-

पोषक तत्वा / खाद की मात्रा

| | | | |
|---|---|---|---|
| • नाइट्रोजन | • 6 किलो | • यूरिया | • 10 किलो |
| • फोस्फोरस | • 4 किलो | • DAP | • 9 किलो |
| • पोटास | • 2 किलो | • पोटास | • किलो |

- सिंचाई युक्त जमीन के लिए नाइट्रोजन का आधा भाग तथा फोस्फोरस एवं पोटास का पूरा भाग खेत तैयार करते समय प्रारंभिक (बेसल) डोज़ के रूप में करना चाहिए | नाइट्रोजन की शेष मात्रा दो समान विभाजन में देना है - रोपाई के 30 दिनों बाद और रोपाई के 50-60 दिनों बाद ।
- पौधा में फुल आते समय सूक्ष्मपोषक तत्व का छिडकाव करें ।



**8.** सिंचाई प्रबंधन:

- लत्तर फसल की अच्छी उपज के लिए खेत में कम से कम 5 से 6 बार सिंचाई की आवश्यकता होती है | मिट्टी के प्रकार को देखते हुए सिंचाई की संख्या बढ़ भी सकती है |
- अगर फसल लगते समय मिट्टी में नमी कम हो तो हलकी सिंचाई जरुर करनी चाहिए |

**9.** निकाई – गुड़ाई एवं खर-पतवार नियंत्रण:


- 15 – 20 दिन पर घास का निकासी बेहद जरुरी है |
- घास निकाई के बाद जैविक खाद का प्रयोग करने से उपज बढ़ता है |
- गरमा मौसम में लत्तर फसल में मचान बनाने की आवस्यकता नहीं होती है |



**10.** लत्तर फसल के फसल में होने वाले मुख्य रोग एवं उसका प्रबंधन:

| रोग का नाम | रोग का लक्षण | उपचार विधि |
|---|---|---|
| पत्ता एवं तना गलन   | • यह बीमारी अत्यधिक गीलापन होने के कारण पौधों के उगने के तुरंत बाद या कुछ दिन बाद शुरू होती है। | • अच्छा जल निकास प्रबंधन से काफी इस बीमारी को कम किया जाता है।<br>• ट्राईकोडरमा विरड़ी ( 4 ग्राम / किलो ) से बुआई से 24 घंटे पहले बीज को उपचारित करें।<br>• ब्लू कॉपर 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें।<br>• जैविक फुफुन्द नाशक के रूप में महुआसत्र, सोठ्स्त्र 40-50 ml प्रति लीटर पानी में मिला कर हर 10 दिन के अन्तराल पर प्रयोग करना चाहिए | |

<table>
<tr>
<td>Leaf Curl Virus (पत्ती सिकुरण)<br><br></td>
<td>
<ul>
<li>संक्रमित पौधों की पत्तियां छोटी होती हैं और ऊपर की ओर मुड़ी पिली दिखने लगती हैं</li>
<li>पौधा बौना दिखाई देता है</li>
<li>आमतौर पर संक्रमित पौधों पर फुल विकसित नहीं हो पाते हैं</li>
</ul>
</td>
<td>
<ul>
<li>संक्रमित पौधों को निकाल देना चाहिए और आगे फैलने से बचने के लिए इन्हें जमीन में दवा कर या आग में जला कर नष्ट कर देना चाहिए |</li>
<li>सफ़ेद मक्खी को पकड़ने के लिए Yellow sticky Trap 12 इकाई/ हे के हिसाव से खेत में लगाये |</li>
<li>जैविक दवा के रूप में निमास्त्र, अग्निअस्त्र या हांड़ीकथ 40-50 ml प्रति लीटर पानी में मिला कर, 10 दिन में बदल बदल कर करना चाहिए |</li>
</ul>
</td>
</tr>
<tr>
<td>Fruit Borer- फल छेदक<br>
<br>
<br></td>
<td>
<ul>
<li>यह कीट फलों में छेदकर इनके पदार्थ को खाती हैं तथा आधी फल से बाहर लटकती नजर आती है |</li>
<li>एक कीट कई फलों को नुकसान पहुंचाती हैं |</li>
</ul>
</td>
<td>
<ul>
<li>संक्रमित फलों को इकट्ठा करके इन्हें जमीन में दवा कर या आग में जला कर नष्ट कर देना चाहिए |</li>
<li>12 इकाई / हेक्टेयर में फेरोमोन ट्रैप लगाएं</li>
<li>जैविक दवा के रूप में निमास्त्र, अग्निअस्त्र या हांड़ीकथ 40-50 ml प्रति लीटर पानी में मिला कर, 10 दिन में बदल बदल कर करना चाहिए |</li>
</ul>
</td>
</tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| जुगनूकीट<br> | • यह कीट पत्तियों को खाता है जिससे पौधों की बढ़त कम हो जाती है एवं उपज भी प्रभाबित होता है \| | • जैविक दवा के रूप में निमास्त्र, अग्निअस्त्र या हांड़ीकथ 40-50 ml प्रति लीटर पानी में मिला कर, 10 दिन में बदल बदल कर करना चाहिए \| |
| पौडारी एवं डाउनी मिल्ड्यू<br><br> | • यह एक फुफुन्द जनित बीमारी है \| इस बीमारी में पत्तों के ऊपर सफ़ेद पौडर की तरह का दाग या पत्तीओं के किनारे जले हुए सा दिखाई देता है \| | • ट्राईकोडरमा विरड़ी ( 4 ग्राम / किलो ) से बुआई से 24 घंटे पहले बीज को उपचारित करें ।<br>• ब्लू कॉपर/साफ़/ सिक्सार 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें ।<br>• जैविक फुफुन्द नाशक के रूप में महुआसत्र, सोठ्स्त्र 40-50 ml प्रति लीटर पानी में मिला कर हर 10 दिन के अन्तराल पर प्रयोग करना चाहिए \| |